हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 सितंबर 2025

04 नगर में चांदी के रथ में सवार होकर निकले भगवान...



08 मैहर वाली मां शारदा देवी दर्शन के लिए पाटनदेव...





## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**विदिशा।** वर्ष 2025 की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं तहसील स्तर पर किया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर 13 सितम्बर की सुबह 10.30 बजे से नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख सलीम द्वारा किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायाधीश, अधिवक्ता, न्यायालयीन एवं कार्यालय का स्टॉफ, विद्युत वितरण कंपनी, बीमा कंपनी, बैंकों के अधिकारी, पक्षकार उपस्थित रहेंगे।

### रविवार को बजरिया में होगी चौराहे पर परिचर्चा

**विदिशा।** विचार मंच द्वारा बड़ा बाजार चौराहे पर पूर्व में आयोजित चौराहे पर चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम के बाद अगली कड़ी में जय स्तंभ चौक बजरिया में रविवार 14 सितंबर को दोपहर 3 बजे से परिचर्चा आयोजित की गई है। पूर्व की ही भांति इस परिचर्चा का विषय विदिशा शहर की बदतर हालत पर जनप्रतिनिधियों की भूमिका होगा। इस परिचर्चा में शामिल होने की विदिशा शहर के गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों,जनप्रतिनिधियों, व्यापारी किसानों भाइयों से अपील करने वालों में आनंद प्रताप सिंह, करतार सिंह, आशीष माहेश्वरी, धर्मेंद्र यादव, प्रदीप गुप्ता, रमेश रैकवार, संदीप अमावते आदि शामिल हैं।

### जिला अध्यक्ष के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष का प्रभार



**विदिशा।** प्राथमिक सहकारी समिति कर्मचारी संघ भोपाल के प्रदेश संयोजक अशोक मिश्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा की अनुशंसा पर राजेंद्र कटारे को विदिशा जिले का जिलाध्यक्ष होने के साथ-साथ प्रदेश उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। वर्ष 2008 से जिले के संस्था कर्मचारियों के प्रति समर्पित भावना एवं किए गए कार्यों को देखते हुए वरिष्ठ नेतृत्व ने श्री कटारे को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

### नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के द्वारा फरार आरोपियों के एक प्रकरण में सूचना देने वालो को तीन-तीन हजार रुपए की नगद राशि देने की घोषणा की है। थाना कोतवाली के दर्ज अपराध का फरार आरोपी सूरज पुत्र मोहन खटीक एवं पवन पुत्र मोहन खटीक निवासीगण ढलकपुरा थाना कोतवाली विदिशा की सूचना देने वाले को तीन-तीन हजार की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान 17 से

**विदिशा।** महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति की नींव है। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मप्र से 17 सितम्बर को राष्ट्रीय स्तर पर की जाएगी। अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चल रहे पोषण माह की गतिविधियों के साथ समन्वय कर आयोजित होगा।

### गलत हरकत करने वाले को 20 साल की सजा

**विदिशा।** डेढ़ साल की अबोध बच्ची के साथ गलत काम करने वाले आरोपी को न्यायाधीश आनंद गौतम ने 20 साल की सजा सुनाई है। जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनीष कथोरिया ने बताया कि फरियादिया की बुआ ने थाना पठारी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 नवंबर 2024 की सुबह आरोपी जीजा बच्ची के साथ गलत हरकत कर रहा था। जैसे ही वह पहुंची तो वह भाग गया। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य को प्रमाणित किया गया। तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई।

---

## सिरोंज में चार मेडिकल लाइसेंस निलंबित, लटेरी बीएमओ को सख्त हिदायत

# कलेक्टर के आदेश पर सख्त हुए सीएमएचओ स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर लाने की कवायद शुरू

स्वास्थ्य विभाग में चल रहा पुराना ढर्रा अब नहीं चलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने के कलेक्टर के निर्देश के बाद सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार भी सख्ती कर रहे हैं। जिससे जिलेभर में बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारा जा सके। पूर्व में लचर व्यवस्था होने के कारण मनमर्जी से काम चल रहा था, लेकिन अब सीएमएचओ की कार्यप्रणाली से ऐसा लग रहा है जल्द ही सबकुछ दुरुस्त हो जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिलेभर में स्वास्थ्य सेवाओं की जांच पड़ताल की जा रही है। स्वास्थ्य केंद्र सहित निजी नर्सिंग होम्स और क्लीनिक की जांच चल रही है और कार्रवाई भी की जा रही है।

लचर पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने के कलेक्टर के निर्देश के बाद सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार ने भी सख्ती शुरू कर दी है। वह भी लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। दो दिन पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के नर्सिंग होम्स और क्लीनिक की जांच की थी। वहीं सीएमएचओ भी लगातार दौरे कर स्वास्थ्य सेवाओं की पड़ताल कर अधिनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दे रहे हैं।

### सीएमएचओ के निर्देश पर बर्रो गांव में क्लीनिक सील

विदिशा। जिले में एक भी अवैध क्लीनिक संचालित न हो ऐसे निर्देश कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ को दिए हैं। शुक्रवार को ग्राम बर्रो में प्रशासनिक टीम ने कार्रवाई करते हुए एक अवैध प्राइवेट क्लीनिक को सील कर दिया गया है। विदिशा बीएमओ डॉ हेमंत पंचोली ने बताया कि निरीक्षण के दौरान निवारन विश्वास द्वारा संचालित क्लीनिक की जांच की। उनके पास न तो दस्तावेज थे और न ही वैध अनुमति। टीम ने मौके पर ही पंचनामा तैयार किया और तत्काल क्लीनिक को सील किया।



### लटेरी बीएमओ उपाध्याय को सीएमएचओ ने लिखा चेतावनी भरा पत्र

विगत दिनों लटेरी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार ने लटेरी बीएमओ डॉक्टर अभिषेक उपाध्याय को भी चेतावनी भरा पत्र लिखा है। सीएमएचओ ने पीएचसी बरखेड़ा जागार के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने, लटेरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय पर सफाई न होने, जन्म प्रमाण पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र का कार्य एक आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर से कराए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने तत्काल यह कार्य नियमित कर्मचारी से कराए जाने का आदेश दिया है। लटेरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था तक नहीं है, पंखे नहीं है, वार्ड में चादर भी बेड पर नहीं मिले। इस लापरवाही पर बीएमओ को फटकार लगाई है। खास बात यह है कि स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसुति महिलाओं से पैसे मांगने एवं अभद्रता करने के मामले सामने आने के बाद लेवर रूम इंचार्ज सीनियर नर्सिंग ऑफिसर को देने के आदेश बीएमओ को दिए गए हैं। डॉक्टर अभिषेक उपाध्याय को निर्देश दिए गए हैं उनके खिलाफ यदि कोई शिकायत दोबारा वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्हे दो दिन के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार ने दिए हैं।

### चार मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित

जिले में मेडिकल स्टोर का भी नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। ड्रग इंस्पेक्टर जॉन प्रवीण कुजूर द्वारा सिरोंज स्थित मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण 23 अगस्त को किया गया था। जिसमें कमियां पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका कोई जवाब न प्राप्त होने पर 12 सितंबर को औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित किए जाने का आदेश जारी किया गया हैं। जिनमें विनायक मेडिकल स्टोर, अभिलाषा मेडिकल स्टोर, महाकाल मेडिकल स्टोर, श्री गिरराज मेडिकल स्टोर शामिल हैं। अमूमन मेडिकल स्टोर की कभी जांच पड़ताल नहीं की जाती। क्योंकि मेडिकल स्टोर संचालन के जो नियम हैं उनके मुताबिक शहर और जिलेभर में चंद मेडिकल स्टोर ही संचालित किए जा रहे हैं।

---

## त्योहारों से पहले विदिशा पुलिस सख्त

# 185 गुंडे, 112 निगरानी बदमाशों को कोतवाली बुलाकर दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के आदेश पर जिले में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में एसडीओपी और थाना प्रभारियों ने अलग-अलग इलाकों में दबिश दी। इस दौरान 185 गुंडा-बदमाशों की जांच की गई और 112 निगरानी बदमाशों को थानों पर बुलाकर पूछताछ की गई। पुलिस ने सभी बदमाशों को चेतावनी दी है कि त्योहारों के समय अगर कोई उपद्रव या अपराध हुआ तो सख्त कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने बताया कि उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी। यह अभियान त्योहारों तक चलता रहेगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दें।

## पठारी क्षेत्र में जंगली जानवर का आतंक

# विभाग ने अलर्ट रहने कहा:2 दिनों में गाय व बछिया का किया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पठारी क्षेत्र में जंगली जानवर के हमलों से गांव में दहशत का माहौल है। गुरुवार की रात तेंदुआ ने सत्ताखेड़ी जाजोन गांव में एक गाय का शिकार किया। बुधवार रात को भी एक बछिया का शिकार किया गया था। घटनास्थल पर जंगली जानवर के पंजों के निशान मिले हैं।

ग्रामीणों का मानना है कि हमलावर तेंदुआ हो सकता है। लेकिन वन विभाग ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। विभाग के अनुसार कोई भी जंगली जानवर इन हमलों के पीछे हो सकता है। यह क्षेत्र जंगल से सटा होने के कारण जंगली जानवर बार-बार गांव में घुस रहा है और वह पालतू मवेशियों को निशाना बना रहा है। वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। वन विभाग की टीम ने मुनादी के जरिए ग्रामीणों को सावधान किया है। वन विभाग ने अपील की है कि रात में जंगल की तरफ न जाएं। मवेशियों को घर के अंदर बांधकर रखें। विभाग ने चेतावनी दी है कि ग्रामीण मांसाहारी जानवर से भिड़ने की कोशिश न करें। शिकार हुए मवेशियों के मालिकों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

---

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ मुखर हुए ग्रामीणों ने की शिकायत, अधिकारियों ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



विदिशा। अवैध शराब बिक्री रुकवाने कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण।

जिले में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कराखेड़ी पंचायत के ग्रामीण शुक्रवार को बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

रुसल्ला गांव में एक परिवार लंबे समय से अवैध शराब बेच रहे हैं। शराब के नशे में लोग गाली-गलौज करते हैं। झगड़े की घटनाएं बढ़ गई हैं। इससे गांव का माहौल असुरक्षित हो गया है। महिलाएं और बच्चे डर के साए में जी रहे हैं। सरपंच जितेंद्र दांगी और जनपद सदस्य ने कहा कि गांव में खुलेआम शराब की दुकान चल रही है। पहले भी कई शिकायतें की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने एसपी से अवैध कारोबार बंद कराने की मांग की है। अधिकारियों ने जल्द सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। फिर भी यह धंधा रुक नहीं रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी वजह से स्थिति बिगड़ती जा रही है।

### 65 बच्चों को उपकरण देने चिन्हित किया गया

**हरिभूमि न्यूज. नटेरन।** संदीपनी विद्यालय नटेरन में दिव्यांग छात्रों के लिए शिविर आयोजन किया गया। नटेरन एसडीएम अजय प्रताप पटेल ने शिविर का निरीक्षण किया। एल्मको टीम द्वारा बच्चों की जांच की गई। जरूरतमंद बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। बीआरसी ईश्वर शर्मा ने बताया कि शिविर में कक्षा 1 से 12 तक के 116 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। जिनमें से 65 बच्चों को सहायक उपकरण हेतु चिन्हित किया गया। बीआरसी सुमित तिवारी ने बताया कि बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। बच्चों और उनके पालकों के लिए बैठने और भोजन की व्यवस्था भी की गई। फोटो कॉपी सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## भारतीय किसान संघ ने भगवान बलराम जयंती पर रैली निकाली

# फसल बीमा में पारदर्शिता सहित 13 सूत्रीय मांगों को लेकर पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लटेरी में भारतीय किसान संघ ने शुक्रवार को भगवान बलराम जयंती मनाई। रेंज वाली माता मंदिर में किसानों ने पूजा-अर्चना की। संगठन की नीतियों पर चर्चा के बाद नगर के मुख्य मार्ग पर रैली निकाली गई। किसान संघ ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रमुख मांगों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पारदर्शिता लाना शामिल है।

### ज्ञापन में समाजजनों ने यह की मांग

ज्ञापन में फसल कटाई प्रयोग से उपज का आकलन करने की मांग की गई है। मंडियों में आधुनिक मशीनें, ग्रेडिंग सिस्टम और बड़े तौल कांटे लगाने, सोयाबीन, धान, मक्का, ज्वार व बाजरा की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने की मांग की गई। रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता और एनपीके खाद पर डीएपी जैसा अनुदान मांगा गया। अतिवृष्टि, अफलन और वायरस से प्रभावित खरीफ फसलों का मुआवजा देने की मांग की गई। कृषि यंत्रों पर सब्सिडी बढ़ाने और जंगली पशुओं से फसल नुकसान की भरपाई की मांग शामिल है। जिला स्तर पर किसान प्रतिनिधियों वाली निगरानी समिति बनाने की मांग, एफपीओ को खाद-बीज, मंडी व्यापार लाइसेंस और नाबार्ड से लोन की सुविधा देने की मांग रखी। देसी गाय के दूध पर 10 रु प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि और कृषि न्यायालय की स्थापना की मांग की।

---

### जनपद सीईओ ने किया शिकायतों का निराकरण

**गुलाबगंज।** जनपद सीईओ जितेंद्र जैन द्वारा गुलरखेड़ी सेक्टर में आने वाली 13 पंचायतों के हितग्राहियों की शिकायतों का निराकरण ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी में किया। बारिश के बाद पंचायतों में उत्पन्न समस्याओं के बारे में की जा रही शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। सीएम हेल्पलाइन 181 पर की गई शिकायतों का निराकरण भी किया। ग्राम पंचायत गुलाबगंज में लोगों की मांग थी कि बहुत समय से कीचड़ वाला रास्ता है रोड एवं नाली निर्माण किया जाए। सीईओ ने सचिव को 7 दिन में कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया। सीईओ ने गूलरखेड़ी पंचायत की सरपंच पूजा घावरी के कार्य की सहारना की। इस मौके पर जनपद सीईओ सहित जनपद सदस्य सचिन यादव, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी, सचिव जगदीश तिवारी, सचिव, रोजगार सहायक मौजूद रहे।

# सांसद वानखेड़े और विधायक ने कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने शुक्रवार को विधायक कार्यालय में कुरवाई मंडल एवं मेहलूहा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में विधायक हरि सिंह सप्रे, मंडल अध्यक्ष तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में आगामी सेवा सप्ताह को लेकर चर्चा हुई। सेवा सप्ताह पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिवस केवल उत्सव का नहीं बल्कि सेवा और समर्पण का दिन है। हमें इस अवधि में समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचकर सेवा कार्य करना है।

स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, स्वास्थ्य शिविर और जनकल्याणकारी गतिविधियां ही सच्ची श्रद्धांजलि होंगी। विधायक हरि सिंह सप्रे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा सप्ताह भाजपा की वह परंपरा है जो हमें समाज से जोड़े रखती है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे हर घर तक पहुंचें। सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी करें और प्रधानमंत्री के संकल्पों को जनता तक पहुंचाएं।

# किसानों ने नेशनल हाईवे का काम रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



हाईवे निर्माण के दौरान विरोध दर्ज कराते हुए किसान।

ग्यारसपुर के बरमढ़ी के नाराज किसानों ने ग्यारसपुर से राहतगढ़ और सागर की ओर बनाए जा रहे नेशनल हाईवे 146 का काम रुकवा दिया। जिन किसानों की जमीन नेशनल हाईवे में भू अर्जन के दौरान गई है उन किसानों के खातों में अभी तक मुआवजा नहीं पहुंचा है।

शुक्रवार दोपहर किसान एकत्रित हो गए और काम रुकवा दिया। बरमढ़ी के किसान अजय गुर्जर, सुनील गुर्जर, नील किशन आदिवासी, चरण सहरिया, गुड्डा गुर्जर, गुलाब अहिरवार, प्रेम नारायण गुर्जर, रामकरण सिंह गुर्जर, कैलाश आदिवासी नील किशन सहरिया ने काम रुकवाया। त्यौंदा तहसीलदार ऋतु राय ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा जिन किसानों की भू अर्जन के दौरान जमीन ली गई है उन सभी किसानों की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। खातों में राशि पहुंच जाएगी। इस संबंध में एनएचएआई के परियोजना अधिकारी सिद्धांत सिंघई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से मेरे पास काम रुकवाने की जानकारी प्राप्त हुई है। मैं निर्माण एजेंसी से बात करुंगा। क्या समस्या आ रही है दिखवाता हूं।

### अस्थाई कनेक्शन लेकर ही पंडाल की सज्जा करें

**विदिशा।** बिजली कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे रामलीला, दुर्गा उत्सव, डांडिया एवं गरबा उत्सव के दौरान धार्मिक पंडालों एवं झाकियों में बिजली साज-सज्जा कंपनी से अस्थायी कनेक्शन लेकर ही करें। कंपनी ने नवरात्रि त्यौहार (22 सितंबर) तथा गरबा पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए प्रबंध किए हैं। प्रदेश की सभी धर्म की धार्मिक उत्सव समितियों से विद्युत क्षेत्र की सभी कंपनियों ने अपील की है कि वे धार्मिक आयोजन पूरे उल्लास, तन्मयता और परंपरानुसार मनाएं साथ ही पंडाल और उसके बाहर मैदान, सड़क पर लगाई जाने वाली बिजली में कम से कम 25 प्रतिशत की बचत कर ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान दें।

---

## 69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन हुआ

# इंदौर संभाग की टीम ने जीती चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुक्रवार को स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में समापन हो गया। समापन समारोह में विधायक मुकेश, स्कूल के चेयरमैन योगेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, प्राचार्य विनय अग्रवाल माजूद रहे।

प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान इंदौर, द्वितीय भोपाल एवं तृतीय ग्वालियर ने प्राप्त किया। वहीं अंडर -14 बालिका वर्ग में ग्वालियर प्रथम, इंदौर द्वितीय और भोपाल तृतीय रहे। अंडर -17 बालक वर्ग में ग्वालियर ने प्रथम, भोपाल ने द्वितीय और रीवा ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर -17 बालिका वर्ग में भोपाल प्रथम, इंदौर द्वितीय एवं नर्मदापुरम तृतीय स्थान पर रहे। अंडर -19 बालक वर्ग में इंदौर ने प्रथम, भोपाल ने द्वितीय और उज्जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



विदिशा। ट्रॉफी दिखाकर खुशी का इजहार करते हुए इंदौर टीम के खिलाड़ी।

अंडर -19 बालिका वर्ग में इंदौर ने प्रथम, ग्वालियर ने द्वितीय और उज्जैन ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी वर्गों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ओवरऑल चैंपियनशिप इंदौर संभाग ने अपने नाम की और खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीता। सभी संभागों के जनरल मैनेजरों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में योगदान देने वाले सभी अंपायरों एवं रेफरियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन डीसीपी आरपी लखेर ने व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के आयोजन में संयोजक के. सिंह, पीटीआई राजेंद्र यादव, अंबेश सोनी, अनिल सोनी, सर्वेश व्यास, कृपाशंकर पंथी, मुकेश शर्मा, कुलदीप भारती, सुरेश साहू एवं विनोद अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन समारोह में खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेलप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# दिव्यांगजनों को मिला सहारा, 74 को वितरित किए सहायता उपकरण



दिव्यांगों से चर्चा करते हुए सागर सांसद लता वानखेड़े

**कुरवाई।** शुक्रवार को आजीविका भवन में दिव्यांगजन के लिए शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े, विधायक हरिसिंह सप्रे मौजूद रहे। कार्यक्रम में 74 पात्र दिव्यांगों को सहायक उपकरण बांटे गए। जिनमें इलेक्ट्रिक साइकिल, साधारण साइकिल, कृत्रिम हाथ-पैर, बैसाखियां, ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र सहित अन्य आवश्यक उपकरण शामिल रहे। सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं, उनके सहयोग और सशक्तिकरण के लिए सरकार हमेशा तत्पर है। विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि दिव्यांग भाइयों-बहनों की सहायता करना सरकार की प्राथमिकता है। उपकरण वितरण जैसी पहल उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

**खबर संक्षेप**

### हैंडपंप को दुरुस्त करने की मांग



**गंजबासौदा।** शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में मरीजों एवं उनके परिजनों के पेयजल के लिए एकमात्र हैंडपंप लगा है, जिसके नीचे वाला पाइप जंग लगने से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसका पानी पीने के दौरान मुंह में जंग के कण कण जाने का खतरा बना हुआ है। जागरुक नागरिकों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से शीघ्र हेण्डपंप दुरुस्त किए कराए जाने की मांग की है।

### कायस्थ महापरिषद के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**गंजबासौदा।** नगर के कायस्थ समाज के अध्यक्ष महेश नारायण श्रीवास्तव को अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद केंद्रीय समिति के अनुमोदन से सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नगर अध्यक्ष होते हुए महेश नारायण श्रीवास्तव ने मंदिर निर्माण, धर्मशाला निर्माण, सामाज हित में कार्य किए हैं उनके इस कार्य को देखते हुए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। इस उपलब्धि पर नगर के लोगों ने उन्हें बधाइयां दी हैं। बधाई देने वालों में कैलाश नारायण श्रीवास्तव, शिवनारायण सक्सेना, विनोद श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव ,अनुज श्रीवास्तव सहित अनेक लोग शामिल हैं।

### नपा सफाई कर्मियों ने की साफ, सफाई



**गंजबासौदा।** नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वार्ड पार्षद मनीष विश्वकर्मा के आदेश अनुसार स्वच्छता अधिकारी आर के नेमा, संतोष प्रभारी दरोगा, शीतल खरे प्रभारी मेट की मौजूदगी में शुक्रवार को सफाई अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत नगर के वार्ड नंबर 6 घासीराम सेन एवं चौरसिया एडवोकेट वाली गली सहित अन्य गलियों की नालियों की नपा सफाई कर्मियों द्वारा साफ, सफाई की गई।

## विमान जी चल समारोह के बाद मुनिश्री के मंगल प्रवचन हुए

# नगर में चांदी के रथ में सवार होकर निकले भगवान आदिनाथ


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पर्यूषण पर्व के उपरांत नगर में सकल जैन समाज ने भव्य रथ यात्रा एवं विमानजी चल समारोह का आयोजन बड़े ही भक्तिभाव के साथ किया। प्रातः 7 बजे स्थानीय श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पारस पुरम धूसरपुरा से संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर के मंगल आशीर्वाद से निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में शोभा यात्रा प्रारंभ हुई, जो कि गांधी चौक, सावरकर चौक, विजय स्तंभ चौक, सुभाष चौक से भगवान महावीर मार्ग होते हुए आयोजन स्थल भगवान महावीर विहार पहुंची। रथ यात्रा एवं विमान जी चल समारोह में आगे मंगल के प्रतीक अष्ट प्रातिहार्य चल रहे थे, विज्ञान रथ के पीछे ऐरावत हाथी, अश्व रथ और सिंह रथ चल रहा था। वहीं रथ के बाद महिला मंडल ड्रेस कोड के साथ अपनी अपनी प्रस्तुतियों के साथ भक्ति करती नजर आई। महिला मंडल के पीछे नगर में संचालित जैन पाठशालाओं द्वारा तैयार की गई मन मोहक झाकियां शोभा यात्रा को आकर्षित कर रहीं थीं। युवा अपना अपने सेवादल के साथ चल रहे थे। बालिका मंडल द्वारा शोभायात्रा में अपनी प्रस्तुतियां दीं। वहीं चांदी के विशाल रथ में विराजमान भगवान आदिनाथ स्वामी की प्रतिमा सबको आकर्षित कर रही थी। नगर में प्रथम बार रजत रथ यात्रा निकाली गई है, जिसमें नगर के सभी जिनालयों के मूल नायक भगवान चांदी की सात पालकी में एक साथ शोभा यात्रा में चलायमान हुए। श्री जी के पीछे पंच मुनिराज और एक ऐलक नगरवासियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते चल रहे थे। मुनि संघ के पीछे बड़ी संख्या में सफेद वस्त्र पहने हुए पुरुष एवं केसरिया वस्त्र पहने हुए महिलाएं भजन गाती चल रही थी। चल समारोह के दौरान श्रद्धालुओं ने अपने घरों के बाहर आकर्षक रंगोली सजाकर जिन प्रतिमाओं की मंगल आरती की। सुबह 10 बजे शोभा यात्रा आयोजन स्थल पर पहुंची। जहां मुनिश्री के मंगल प्रवचन के बाद जिन प्रतिमाओं का अभिषेक भी हुआ। वहीं महावीर विहार में प्रस्तावित पाषाण के विशाल जिनालय में चौबीसी जिनालय एवं मुख्य मंदिर में वेदी, प्रतिमाओं और शिखर के पुण्यार्जकों की घोषणा मंच से की गई। सभी पुण्यार्जकों ने मंच पर विराजमान मुनि संघ से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं दोनों थानों के प्रभारी पुलिस बल के साथ चल समारोह में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से दुरुस्त करते नजर आए। कार्यक्रम का संचालन बाल ब्रम्हचारी तरुण भैय्या द्वारा किया गया।

## शिव कथा के बाद ही भागवत रामायण कथा होती है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

छैल बिहारी मंदिर में रामायण भागवत सत्संग तृतीय दिवस के अवसर पर पंडित केशव गुरु ने कहा भागवत रामायण दोनों में भगवान शिव की कथा के पश्चात ही राम एवं कृष्ण कथा का प्रारंभ हुआ है। धर्म पर विश्वास और उसकी रक्षा करो, धर्म के चार चरण हैं। सत्य, तप, पवित्रता एवं दया इनको चरण इसलिए कहा गया है कि इनका आचरण करना आचार्य का प्रथम धर्म है। हमारी आर्थिक, बौद्धिक, शारीरिक सब प्रकार से उन्नति हो, विकास हो और निश्रेयस सिद्धि अर्थात भक्ति मुक्ति की प्राप्ति हो, यह लोक भी सुधारे तथा परलोक भी सुधारे यह सब सत्य, तप, पवित्रता से ही बढ़ाया जाना संभव है। कथा में आपने भागवत के प्रथम स्कंद में कथा के दौरान बताया कि द्रौपदी दया स्वरूप है, इसके पति धर्म, तप,बल ,ज्ञान, स्वरूप पांचो पांडव हैं। अतः विपत्ती आने पर भगवान को बार-बार इनकी रक्षा के लिए स्वयं आना पड़ा। पितृ संबंधी कथा में आपने बताया कि मनुष्य का एक महीना, पितरों का एक दिन रात होता है। पितरों का श्राद्ध कृष्ण पक्ष में किया जाता है। क्योंकि कृष्ण पक्ष में चंद्रमा सूर्य के निकट रहता है। पितृ लोक चंद्रमा से ऊपर है। अतः पितरों का इन 15 दिनों का एक दिन होता है। सूर्य चंद्रमा अपरान्ह काल में सर पर होते हैं अतः मध्यान्ह काल में पितरों का भजन समय होता है। यह भजन मात्र अग्निबाण ब्राह्मण के माध्यम से ग्रहण करते हैं। ब्राह्मण तथा अग्नि दोनों समान माने गए हैं। पितृ व देवता सार भोगी हैं, द्रव्य की गंध से संतुष्ट होते हैं अतः पितरों को चावल, तिली प्रिय है। इन दोनों में गंध का गुण अधिक है।

## समय पर नहीं हो रही बिजली सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम उदयपुर में पिछले 10 दिनों से ग्रामीण एवं उदयपुर में विद्युत की सप्लाई सुचारू रूप से न मिलने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वर्षा ऋतु की समाप्ति के कारण उमस एवं मच्छरों का प्रकोप अधिक है। जिससे टाइफाइड, मलेरिया के मरीजों में वृद्धि हो रही है। प्राइवेट स्कूलों में एवं शासकीय स्कूलों में विद्युत की सुचारू रूप से न मिलने के कारण पंखे नहीं चल पा रहे हैं एवं बैंकों में उपभोक्ताओं को लेनदेन में परेशानी हो रही है। पर्याप्त बिजली न मिलने से इनवर्टर भी चार्ज नहीं पा रहे जिससे थोड़ा चलने के बाद वह डिस्चार्ज हो जाते हैं। वहीं बिजली के अभाव में प्रसिद्ध मंदिर नीलकंठ महादेव में भी दर्शनार्थियों को गर्भगृह में अंधकार होने के कारण दर्शन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में उदयपुर में कोई भी लाइन मेन नहीं है, पूर्व में उदयपुर में दो लाइनमेन थे। उदयपुर में उपभोक्ताओं की लाइट प्राइवेट कर्मचारी ठीक करते हैं, जो सुविधा शुल्क लिए बिना काम ही नहीं करते हैं।

## पुलिस ने की उदयपुर में स्कूली वाहनों की जांच



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को उदयपुर में पुलिस द्वारा स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूली वाहनों का विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मकसद बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे 11 वाहनों पर 4,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई कुछ दिन पहले एसडीएम संतोष बिटौलिया और एसडीओपी शिखा भलावी द्वारा स्कूल संचालकों के साथ ली गई बैठक के बाद की गई है। उस बैठक में स्कूली वाहनों की नियमित जांच, ड्राइवरों के चरित्र सत्यापन और वाहनों में बच्चों की सीमित संख्या को लेकर निर्देश दिए गए थे। इस अवसर पर उदयपुर चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक डीएस रघुवंशी ने इस जांच का नेतृत्व किया। जांच के दौरान 6 चार पहिया वाहन चालक बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाते पाए गए, जबकि 5 दो पहिया वाहनों पर तीन-तीन लोग बैठे थे। पुलिस ने सभी वाहन चालकों को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी।

## नगर की सड़कों पर विचरण करती गायों को गोशाला भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगरपालिका अमले द्वारा गत दिवस स्टेशन रोड, जय स्तंभ चौक, सिटी मार्ग सहित अन्य स्थानों पर सड़क पर विचरण करती लगभग 20 गायों एवं गौवंश को नगरपालिका के काउकेचर वाहन की मदद से पकड़कर पचमा रोड पर बनाई गई अस्थाई गौशाला में भेजा था। जहां नगरपालिका द्वारा उन्हे भोजन की पर्याप्त व्यवस्था की गई। शुक्रवार को तहसीलदार अरविंद यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पप्पू समैया, राजेन्द्र सिंह तोमर, पवन रिछारिया, नीलेश अग्रवाल, नितिन यादव सहित अन्य लोगों ने गौशाला पहुंचकर गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां उल्लेखनीय है कि सड़क पर विचरण करते गौवंश के कारण रात्रि के समय वाहन दुर्घटनाऐं घटित होती रहती हैं। वाहन दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा अस्थाई गौशाला खोली गई है। जिससे अव्यवस्थाओं से निजात मिल सके।



## त्योंदा पुलिस ने गुमशुदा को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम अमारी निवासी एक युवती के गुम होने की रिपोर्ट थाना त्योंदा में परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर से थाना त्योंदा में गुम इंसान पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान युवती के संबंध में जानकारी एकत्रित कर सभी संभावित स्थानों पर पतारसी की गई और युवती से संपर्क स्थापित किया गया। थाना त्योंदा पुलिस के प्रयासों से गुम युवती का परिजनों से संपर्क करवा कर थाना त्योंदा परिसर में सकुशल दस्तयाब किया गया। जिसके बाद युवती को माता-पिता के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी, सउनि गौरीशंकर राजपूत ,आरक्षक अखिलेश शुक्ला, महिला सैनिक कला शर्मा की विशेष भूमिका रही।

### नेशनल लोक अदालत आज

**गंजबासौदा।** अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति गंज बासौदा द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ समारोह दिनांक 13 सितम्बर शनिवार को नवीन न्यायालय परिसर ग्राम रजोदा में सुबह 10.30 बजे आयोजित किया गया है। जिसमें नागरिकों एवं पक्षकारों से शामिल होने की अपील की गई है।

### कार्यक्रम आयोजित कर किया लोगों को जागरुक




**गंजबासौदा।** शुक्रवार को हरिसिंह हायर सेकेंडरी स्कूल मेहलुआ चौराहा में राह-वीर योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मेहलुआ चौराहा स्थित समस्त विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कुरवाई थाना प्रभारी पंकज गीते ने बताया कि हेलमेट हमारे लिए कितना जरूरी है, बिना हेलमेट के सफर न करें दो पहिया वाहन पर केवल दो ही व्यक्ति सफर करें एवं किसी भी चीज के ओवरलोड के दुष्परिणामो को बताया ताकि वाहनों का सही उपयोग किया जा सके। उन्होंने बताया कि जब दुर्घटना से किसी घर का मुखिया चला जाता है तो उसे कितनी मुसीबत का सामना करना पड़ता है, इसलिए किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करें और वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं क्योंकि हमारी सुरक्षा हमारे हाथ में होती है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने संदेश दिया जान बचाइए, सम्मान पाइए अगर आपको कहीं कोई एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति दिखाई देता है तो आप उसकी सहायता करें ना कि उसको वैसा ही छोड़कर भाग जाएं। आपकी एक छोटी सी मदद शायद उस व्यक्ति की जिंदगी बचा सकती है इसीलिए उसकी मदद अवश्य करें तथा इसकी सूचना एंबुलेंस तथा पुलिस को जरूर दें और यदि आप सक्षम है तो उसे अस्पताल पहुंचाए और इनाम पाइए। सभी को यातायात के नियमों का अवश्य पालन करना चाहिए राह - वीर' बनिए - नायक बनिए के नारे के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। कार्यक्रम में कुरवाई थाना प्रभारी पंकज गीते, चौकी प्रभारी शंकर दयाल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिसिंह ठाकुर बजीरावाद, विद्यालय प्रबंधक अशोक सिंह ठाकुर, प्रभारी प्रमोद तिवारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ग्राम ककरावदा में जमे रहते हैं सैकड़ों मवेशी

# लावारिस मवेशी बन रहे मुसीबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लावारिस मवेशी इन दिनों हर गांव और नगर में परेशानी का कारण बने हुए हैं। दिन में तो ये मवेशी खेतों में घुसकर फसलों को खाते हैं और शाम होते ही मुख्य मार्गों पर आकर डेरा जमा लेते हैं, जिससे आवागमन में परेशानी और सडक दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन्हीं मवेशियों के कारण ग्राम ककरावदा में भी ग्रामीण खासे परेशान हैं। ग्राम के लोगों का कहना है कि उनके गांव में पूरे साल भर सैकडों की संख्या में लावारिस मवेशी घूमते रहते हैं। ये मवेशी फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही मुख्य मार्ग पर जमे रहते हैं। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी असुविधाओं का सामना करना पडता है और कई बार तो गंभीर सडक दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। कुछ ही ऐसा ही हाल बासौदा त्योंदा मार्ग पर ग्राम डाबर, सिरनोटा आदि गांवों का भी है। ग्रामीणों के अनुसार ककरावदा, डाबर आदि के आसपास की पंचायतों में गौशालाएं भी बनी हैं, लेकिन इन पंचायतों के लोग अपनी गौशालाओं में इन लावारिस मवेशियों को रखने तैयार नहीं होते हैं और ज्यादा प्रयास करने पर झगडे पर उतारू हो जाते हैं। जबकि इन गौशालाओं में क्षमता से काफी कम मवेशी आश्रय पा रहे हैं। इसके बावजूद वे क्षमतानुसार मवेशी भी रखने तैयार नहीं हो रहे हैं। मवेशियों की समस्या को लेकर ग्राम ककरावदा के ग्रामीणों ने करीब दो माह पूर्व सीएम हैल्पलाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे ग्रामीण खासे परेशान हो रहे हैं और वाहन चालक एवं राहगीरों को भी समस्या हो रही है।

## उड़द एवं सोयाबीन की कटाई एवं गहाई शुरू



गंजबासौदा। इलाके में इन दिनों उड़द की फसल पक चुकी है और किसानों ने अपनी उडद की फसल की कटाई के बाद गहाई भी शुरू कर दी है। जिससे उडद के खेतों में थ्रेसर से फसल की हार्वेस्टिंग नजर आने लगी है। हांलाकि उडद उत्पादक किसानों को इस बार उडद की फसल से उम्मीद के अनुरूप उपज नहीं मिल पा रही है। ग्राम स्यारी के किसान और थ्रेसर संचालक प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने बताया कि ग्राम खुरसैनी में कुछ किसानों ने उडद बोई थी, जिसकी गत दिवस थ्रेसिंग कराने पर किसानों को प्रति बीघा एक क्विंटल ही उपज प्राप्त हुई। ऐसे में किसानों को लागत निकालना भी मुश्किल साबित हो रहा है। दूसरी ओर कम अवधि वाला सोयाबीन भी अब पक चुका है और किसान उसकी भी कटाई में जुट गए हैं। आगामी दिनों में मौसम साफ रहता है तो सोयाबीन की भी गहाई शुरू हो जाएगी।

## शासकीय कन्या विद्यालय में शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन विमलेश मुड़ैया द्वितीय व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में उपस्थित छात्राओं को संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, निजता का अधिकार, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, पीड़ित प्रतिकर योजना, निःशुल्क विधिक सहायता, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, नालसा तस्करी और वाणिज्यिक यौन शौषण पीड़ितों लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबेल कम्पेशन से अब्दुल कादिर खान, सरोज विश्वकर्मा, प्रहलाद भावसार सहित कन्या महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्राऐं उपस्थित रहीं।

**कार्यालय बासौदा सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया समिति मर्यादित गंज बासौदा जिला विदिशा म.प्र.**

पंजीयन क्रमांक 9003, दिनांक 23.12.1957

क्रमांक/आमसभा/2025-26/44 दिनांक : 12-09-25

// वार्षिक आमसभा सूचना //

संस्था के आम सभा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 27.09.2025 दिन शनिवार दोपहर 01.30 बजे संस्था कार्यालय गंज बासौदा में किया गया है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है कोरम के आभाव में बैठक आधे घण्टे तक (30 मिनट) स्थागित कर पुनः प्रारम्भ की जावेगी। जिसमें कोरम की पूर्ति का ध्यान नहीं रखा जावेगा । एजेण्डा के विषय आदि की सूचना डाक (पोस्ट ऑफिस) के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित की गई है।

प्रबंधक / प्रशासक
बासौदा सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया
समिति मर्यादित गंज बासौदा

### राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

# खेलो में जीतने वाला ही विजय नहीं होता हारने वाला भी विजय होता है: सांसद

## बालक वर्ग में जनजातीय विभाग व बालिका वर्ग में शहडोल ने फाइनल मुकाबले में हासिल की जीत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेडे,विधायक हरि सिंह सप्रे,पूर्व विधायक रूद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर फाइनल मुकाबले बालक वर्ग में जनजातीय विभाग की टीम ने इंदौर को हराकर फाइनल में जीत हासिल की। वही बालिका वर्ग भोपाल की टीम को हराकर शहडोल ने विजयश्री प्राप्त की। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह, दर्शकों की उपस्थिति और आयोजन समिति की व्यवस्थाएँ चर्चा का विषय रहीं। दर्शकों ने खिलाड़ियों का खूब हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता को यादगार बना दिया।

इस मौके पर सागर-सिरोंज संसदीय क्षेत्रीय सांसद लता बानखेडे ने राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के मैदान व खिलाडियों में अनुशासन को देखते हुए उन्होने मंच से कहा कि यह दृश्य को देखकर ऐसा लग ही नही रहा कि यह कोई फुटबॉल प्रतियोगिता हो। इतना अच्छा अनुसार और धैर्य का एक वातारण देखकर मुझे आज काफी अच्छा लग रहा है। उन्होने प्रदेश के कौने कोने से आए छात्रों का जिन्होने इस राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया उन सभी छात्रो को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चो आज यह केवल एक प्रतियोगिता नही है यह हमारे बच्चो के उज्जवल भविश्य के निर्माण का उद्घोश है। हमारे बच्चे जो इतनी मेहनत करके खेलते है अपने आप को साबित करने के लिए इतना कडा परिश्रम करते है और उस परिश्रम के बाद जो विजयश्री प्राप्त होती है। उस विजयश्री प्राप्त होने के बाद जो खुशी होती है। उस खुशी की एक अलग ही बात होती है। उन्होने समस्त खिलाडियो को संबोधित करते हुए कहा कि हौसलो की तरदिस में कौशिशो की तीर जिंदा रखों जिंदगी में हार जाओ सब कुछ लेकिन दिल से जीतने की उम्मीद कायम रखों। उन्होने कहा कि खेल केवल जीत हार के लिए नही होता केवल जीतने वाला ही विजय नही होता हारने वाला भी विजय होता है। क्योकि उसने जो मैदान में आकर अपना परिश्रम दिखाने का जो प्रयास किया है वह सबसे सराहनीय कार्य होता है। यहा तक आने के लिए जो मेहनत और परिश्रम खिलाडी करते है। वही सबसे मेन होता है। साथ ही उन्होने फुटबॉल प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाली सभी टीमो के खिलाडियो को शुभकामनाएं प्रेरित की और जिन टीमों ने इस मैच में हार का सामना करना पडा उन टीमो के खिलाडियो को भी शुभकामनाएं देते हुए उन्होने कहा कि आपका जो परिश्रम इस प्रतियोगिता में देखा गया वह काफी सराहनीय है। आप आगे इससे भी अच्छा प्रयास करें और इस हार को आने वाले समय में जीत में बदलने के



लिए प्रयास करें। वही उन्होने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कर आज खेलो को जो बडावा दिया है। वह आप सभी खिलाडियो के उज्जवल भविश्य को सुनिश्चित करने का एक बडा प्रयास है। आज खेलो इंडिया के माध्यम से हमारे देश व प्रदेश के हजारो बच्चें विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर राज्य स्तर पर खेलकर देश व प्रदेश का नाम रौशन कर रहें है।

### दो दर्जन वाहनों से हुई सांसद की आगवानी

भाजपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में सांसद डॉ लता वानखेडे की आगवानी बडी ही गर्वजोशी के साथ स्वागत सम्मान के साथ हुई। इस मौके पर लगभग दो दर्जन से अधिक वाहनो की आगवानी के साथ सांसद डॉ लता वानखेडे को कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। इस मौके पर नगर के विभिन्न चौक-चौराहो पर भाजपा कार्यकर्ताओ व नागरिको द्वारा फूलो की वर्षा कर सांसद के काफिले का भव्य स्वागत किया।

### विश्राम गृह में सांसद ने की अधिकारियों से चर्चा

सांसद डॉ लता वानखेडे ने विश्राम गृह में क्षेत्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारियां प्राप्त की। साथ ही उपस्थित समस्त शासकीय अधिकारी कर्मचारियो से चर्चा कर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियांवयन की जानकारी प्राप्त की। वही उन्होने अधिकारियो को निर्देश देते कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही अनेको योजनाओ की जानकारी व लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिलना चाहिए। योजनाओ का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले यह देखना आप सभी का काम है कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। इसका विशेश ध्यान रखा जाए।


### किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

## पिछले तीन माह से नहीं मिल रहा किसानों को डीएपी व यूरिया



**सिरोंज।** नगर के तहसील रोड स्थित डबल लॉक शासकीय वेयरहाउस पर किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने दर्जनो किसानो के साथ पहुचकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि शासकीय वेयरहाउस पर डीएपी एवं यूरिया पिछले तीन माह से किसानों को बांटने के लिए नहीं आया है। इस वेयरहाउस से ऐसे किसान जो की बैंक से डिफाल्टर है और किसी कारणवश जिला सहकारी बैंक की सोसाइटी का केसीसी नहीं भर पाए थे। ऐसे किसानों को नगद में यहां से खाद सरकारी कीमत पर मिल जाता था परंतु इस बार यहां पर डीएपी,यूरिया वितरण होने के लिए नहीं आया है और ऐसे किसान जिनका की जिला सहकारी बैंक की सोसाइटी में खाद का खाता नहीं है या वह किसान जो कि किसी कारण बश डिफाल्टर हैं वह बाजार में प्राइवेट दुकानदारों से खाद लेने के लिए मजबूर हैं। जहां पर कि उनको मनमाना रेट देना पड़ रहा है जैसा की पिछले दिनों से देखने और सुनने में भी आ रहा है कि प्राइवेट दुकानदारों के यहां से खाद किस रेट में किसानों को दिया जा रहा है एवं साथ में उनको कई और गैर जरूरी वस्तुएं खाद की बोरी के साथ जबरदस्ती दी जा रही है। किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने मांग करते हुए कहा कि तत्काल शासन द्वारा शासकीय खाद गोदाम पर खाद का वितरण किसानों को कराया जाए जिससे कि वह खुले बाजार में लूटने से बच सकें और अपनी अगली फसल की तैयारी के लिए डीएपी खाद एवं यूरिया ले सकें।

## समस्याओं के निराकरण हेतु सुभाष बोहत ने सांसद से की मुलाकात



सिरोंज। विधानसभा क्षेत्र के अनेकों ग्रामों में पेयजल,सड़क,बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं और किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं एडवोकेट सुभाष बोहत ने क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेड़े से सौजन्य भेंट की। इस दौरान बोहत ने ग्रामीणों की ओर से उठाए गए मुद्दों को सांसद के समक्ष विस्तार से रखा और उनके निराकरण के लिए शीघ्र पहल करने का आग्रह किया। चर्चा के दौरान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं में ग्रामीण अंचलों में लगातार हो रही पेयजल किल्लत, खराब सड़कें, सिंचाई सुविधाओं का अभाव, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों और दवाइयों की कमी तथा किसानों की फसल संबंधी कठिनाइयों को प्रमुखता से उठाया गया। इस मौके पर सांसद लता वानखेड़े ने आश्वासन देते हुए कहा कि इन समस्याओं के निराकरण हेतु वह संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा करेंगी तथा प्राथमिकता से समाधान का प्रयास करेंगी। वही एडवोकेट सुभाष बोहत ने सांसद का क्षेत्र में सक्रियता और संवेदनशीलता के लिए स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव जनता की समस्याओं को लेकर सजग रहती है और जनता की आवाज़ को मंच तक पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है। स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए उम्मीद जताई कि क्षेत्र की लम्बित समस्याओं का समाधान जल्द होगा और आमजन को राहत मिलेगी।

## किशोरियों को दी गई पोषण जागरूकता संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सेवा भारती समिति ने पोषण जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएमश्री शास कन्या उच्च माध्य विद्यालय में गोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेवा भारती रायसेन जिले सचिव ने सेवा भारती के कार्यों का परिचय दिया। देश प्रदेश में बच्चों किशोरियों और महिलाओं में कुपोषण के आंकड़ों को बताकर इसके पीछे जागरूकता की कमी को मुख्य कारण बताया। पोषण विशेषज्ञ डाइटीशियन अमृता भाटी ने महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों में कुपोषण से निपटने के लिए आवश्यक उपाय बतायें। खान-पान संबंधी स्वच्छता और पौष्टिक परंपरागत खाद्य पदार्थों की जानकारी दी। विद्यालय की किशोरी बालिकाओं की महिला जन्य विकारों के संबंध में व्यक्तिगत चर्चा कर समस्या का समाधान किया।



इस कार्यक्रम में कक्षा 11 एवं 12 की लगभग 80 किशोरी बालिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दिनेश राजौरिया, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, सेवा भारती बरेली अध्यक्ष अवध नारायण एवं प्राचार्य यू एस अहिरवार उपस्थित थे। अंत में संतोष गौतम ने सेवा भारती का आभार व्यक्त किया।

## सेवा भारती का स्वास्थ्य जांच और सुपोषण जागरूकता शिविर हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

11 सितंबर सेवा भारती स्वास्थ्य आयाम के अंतर्गत सितंबर माह में सुपोषण जागरूकता अभियान चला रही है। इसमें आज 11 सितंबर को बरेली नगर के प्रिंसटन कालेज चैनपुर रोड में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला तथा बाल विकास विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य जांच एवं पोषण जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर कुपोषण से मुक्ति हेतु आवश्यक जानकारी दी गयी।

स्वास्थ्य जांच दल में स्वास्थ्य विभाग की डॉ अनामिका सिक्केवाल और पंकज लोधी, डाइटीशियन अमृता भाटी, फार्मासिस्ट ऋतुराज सुपरवाईजर अनूप राजपूत ने आवश्यक जांच कर परामर्श एवं दवाईयां वितरित की।



इस शिविर में महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर चित्रलेखा श्रीवास्तव के नेतृत्व में नगरीय क्षेत्र की 20 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं भाग लिया। इन्होंने परंपरागत पौष्टिक खाद्य पदार्थों की पोषण प्रदर्शनी लगाई तथा शिविर में आने वालों को खानपान की स्वच्छता एवं पोषण जागरूकता संबंधी टिप्स दिये।

शिविर में होलीचौक, कांशीराम कालोनी, बावड़ी मोहल्ला, काछी मोहल्ला तथा सुल्तानपुर खेड़ा के लगभग 150 किशोरियों, महिलाओं, बच्चों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर की सूचना हेतु एक दिन पूर्व संस्कार केन्द्रों के द्वारा छोटी-छोटी जागरूकता रैलियां निकाल कर दी गई थी। इस शिविर में सेवा भारती संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाओं तथा कॉलेज स्टॉफ ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

शिक्षिकाओं को स्वास्थ्य विभाग की पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) एवं महिला बाल विकास की पोषण आहार जैसी योजनाओं का संस्कार केंद्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया।

### पीएमश्री कन्या शाला बरेली में किया पौधारोपण

**बरेली।** पीएम श्री शासकीय कन्या शाला बरेली में जिला अपर सत्र न्यायाधीश श्री अजीत कुमार तिर्की न्यायालयीन प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट ललित कुमार,एडवोकेट नवनीत भार्गव एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ईको क्लब प्रभारी शिवकुमार नामदेव प्रभारी प्राचार्य श्रीमती आरती कपूर, महेन्द्र सराठे, संतोष गौतम, देवेंद्र किरार कीर्ति श्रीवास्तव, अशोक शर्मा कमलेश पाराशर अजीत सिंह राजपूत कमलेश लोधी बालमुकुंद राय सहित शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

### धान फसलों में माहू रोग का प्रकोप

## आसमान में बादलों का बना डेरा बढ़ा दिन और रात का तापमान

### हल्की बूंदाबादी से भींग रहा क्षेत्र, भारी उमस से लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

क्वार और सितम्बर का महिना चल रहा है। बारिश की विदाई के समय बार-बार बदल रहा मौसम परेशानियों का कारण बन रहा है। दो दिनों से आसमान में वर्षो वाले बादलों का डेरा बना रहने के साथ कभी-कभी हल्की बूंदाबादी गर्मी, भारी उमस बढने का कारण बन रही है। मौसम बदलने का असर धान की फसलों के साथ लोगो की सेहत भी खराब हो रही है। धान की अधिकांश फसलें गबोट की स्थिति में है। धान फसलों पर सफेद काली माहू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्र में व्यापक स्तर पर बासमती धान की खेती होती है। जिसमें पानी अधिक, ठंडा मौसम होना जरूरी और रोग भी अधिक लगते है। अधिकांश धान की फसले गबोट बालियां निकलने की स्थिति में पहुंच रही है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में बार-बार मौसम बदलना तापमान में उतार चढाव रोगोके प्रकोप का कारण बन रहा है। किसानों द्वारा बार-बार महंगे कीटनाशकों का उपयोग करने से धान की लागत निरंतर बढने और आर्थिक समस्याओं से जूझना पड रहा है।




### गर्मी, उमस बूंदाबादी

पिछले दो दिनों से आसमान में बादल छाये रहने के साथ दिन और रात का तापमान बढने की स्थिति में कभी-कभी हल्की बूंदाबादी होने का अजीब सा मौसम परेशानियों का कारण बन रहा है। हल्की बारिश से सडक़े तर बतर हो रही है। सडक़ो पर कीचड हो जाने के साथ भारी उमस से लोग हैरान परेशान बने नजर आ रहे है।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (B-पैक्स) मर्यादित, अहमदपुर शाखा-ठर्र जिला-विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक 8429 दिनाकं 30.10.1957

क्रमांक / आमसभा / क्यू / 2025-26 दिनाकं- 13/09/2025

// वार्षिक आमसभा सूचना //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (B-पैक्स) मर्यादित, अहमदपुर के समस्त अंशधारी कृषक सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि 68 वी साधारण सभा दिन शनिवार दिनाकं 27-09-2025 को समय दोपहर 01:00 बजे स्थान समिति मुख्यालय अहमदपुर में आयोजित की जायेगी। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में, स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी। जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी, बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

उपदेश शर्मा
समिति प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (इ-पैक्स) मर्यादित, अहमदपुर

के.सी. यादव
प्रशासक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (इ-पैक्स) मर्यादित, अहमदपुर

**कार्यालय श्री केवट मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्यादित अमारी जिला विदिशा**

पंजीयन क्रमांक 140644 दिनांक 10.07.2024

// सूचना //

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन दिनांक 12.09.2025 को किया गया जिसकी सूचना पृथक से साधारण डाक द्वारा भेजी जा रही. है तथा उक्त सूची को संस्था के पटल पर, सहकारी केन्द्रीय बैंक जिला विदिशा की शाखा त्योदा, जनपद / विकाश खण्ड बासौदा, उप पंजीयक कार्यलय जिला विदिशा किया गया। जिसमें किसी भी प्रकार की आपत्ति दिनांक 12.09.2025 से 19.09.2025 तक संस्था कार्यालय में कार्यालयीन समय में सचिव श्रीराम किशन लोधी को प्रस्तुत कर सकेगें जिसका निराकरण दिनांक 20.09.2025 को दोपहर 1.00 बजे से संस्था कार्यालय में मेरे द्वारा किया जावेगा।

(अनिल सक्सैना)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री केवट मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्यादित अमारी जिला विदिशा

**श्री श्री प्रा. बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित कस्बा विदिशा जिला-विदिशा (म.प्र.)**

पंजी/डी.प्रार./VDS/1046/02/11/2016

पंजी क्र./डी.डी.ए.एग्री/वीडीएस/298/07/07/2017 दिनांक 11/09/2025

// वार्षिक आमसभा सूचना //

श्री श्री प्रा. बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित कस्बा विदिशा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आम सभा दिनांक 28 सितम्बर 2025 रविवार को दोपहर 1 बजे संस्था कार्यालय में आयोजित की जाएगी। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

प्रबंधक
आयुष यादव

अध्यक्ष
रमेश कुमार

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रंगई जिला विदिशा**

पंजी क./8430 दिनांक 30.10.1957 विदिशा दिनांक 13.09.2025

// वार्षिक आमसभा सूचना //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रंगई के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति की वार्षिक आमसभा दिन सोमवार दिनांक 29.09.2025 को दोपहर 12:00 स्थान समिति कार्यालय भवन साँची रोड विदिशा में आयोजित की जायेगी। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ति (कोरम) आवश्यक नहीं होगा।

सोनाली मालवीय
प्रबंधक, पैक्स रंगई, जि-विदिशा

किशोर अहिरवाल
प्रशासक, पैक्स रंगई, जि-विदिशा

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. डाबर शाखा ठर्र जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक (3945) दिनांक: 30-06-1967

क्रमांक /आमसभा/क्यू/2025-26 दिनांक : 12-09-2025

// वार्षिक आमसभा सूचना //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. डाबर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि साधारण सभा दिन शनिवार दिनांक 27-09-2025 को दोपहर 01.00 बजे स्थान समिति मुख्यालय डाबर में आयोजित की गई है

गणपूति - कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सभा की बैठक उसी दिन स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात। जिसमें गणपूति - आवश्यक नही होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

रामकरण शर्मा
समिति प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. डाबर

के.सी. यादव
प्रशासक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. डाबर

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. हांसुआ शाखा ठर्र जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक (3643) दिनांक 30-10-1959

क्रमांक /आमसभा/क्यू/2025-26 दिनांक : 12-09-2025

// वार्षिक आमसभा सूचना //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. हांसुआ के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि साधारण सभा दिन शनिवार दिनांक 27-09-2025 को दोपहर 01.00 बजे स्थान समिति मुख्यालय हांसुआ में आयोजित की गई है।

गणपूति- कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सभा की बैठक उसी दिन स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसमें गणपूति आवश्यक नही होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

नारायण सिंह लोधी
समिति प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. हांसुआ

के.सी. यादव
प्रशासक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. हांसुआ

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. भदारबडागांव शाखा ठर्र जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांक (3646) दिनांक 30-10-1959

क्रमांक /आमसभा/क्यू/2025-26 दिनांक : 12-09-2025

// वार्षिक आमसभा सूचना //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी- पैक्स) मर्या. भदारबडागांव के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि साधारण सभा दिन शनिवार दिनांक 27-09-2025 को दोपहर 01.00 बजे स्थान समिति मुख्यालय भदारवडागांव में आयोजित गई है।

गणपूति - कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सभा की बैठक उसी दिन स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात जिसमें गणपूति आवश्यक नही होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

कमलेश चौकसे
समिति प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. भदारबडागांव

के.सी. यादव
प्रशासक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी-पैक्स) मर्या. भदारबडागांव

# ई-अटेंडेंस बनी सिरदर्द

# सिर्फ 40 फीसदी ही ऑनलाइन दर्ज हो रही उपस्थिति, मोबाइल में नेटवर्क तो कहीं तकनीकी 'खामियों' से जूझ रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ई-अटेंडेंस व्यवस्था अब बेपटरी होने लगी है। जिले के कई सरकारी स्कूलों में सिर्फ 40 फ़ीसदी की ऑनलाइन उपस्थित हो रही है दर्ज। क्योंकि इसमें मोबाइल का कहीं नेटवर्क गायब है तो कहीं तकनीकी खामियों से जूझ रहे हैं शिक्षक। ऐसी स्थिति में अटेंडेंस व्यवस्था लड़खड़ाने लगी है। ई-अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए सिर दर्द बनी हुई है।

विभाग ने फिलहाल सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को स्कूल के निर्धारित समय के एक घंटे बाद तक उपस्थिति दर्ज करने की छूट दी है। जिले में स्कूल तीन चरणों में संचालित हो रहे हैं। सुबह 7 से 12 बजे, दोपहर 12 से 5 बजे और सामान्य समय सुबह 10.30 से शाम 4.30 बजे तक। हालांकि, यह छूट सिर्फ विषम परिस्थितियों के लिए मान्य होगी, स्थाई रूप से नहीं।



## विरोध नहीं सिर्फ व्यवस्था ठीक चाहते हैं

*आजाद अध्यापक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष सीताराम रैकवार राजकुमार खत्री शिक्षक भंवर मौर्य ने कहा कि शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी का कोई विरोध नहीं है। वह यह चाहते हैं कि ऑनलाइन हाजिरी ऐप में तकनीकी खामियां दूर हो। बल्कि हाजिरी की यह व्यवस्था अन्य सरकारी विभागों में भी लागू होना चाहिए। हमारा संगठन जल्दी ही एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल जाकर लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त से मुलाकात करेगा। इधर जिले में फिलहाल 40 फ़ीसदी शिक्षकों की अटेंडेंस लग पा रही है। बाकी 60 फीसदी शिक्षक मोबाइल में तकनीकी खामियां, भौगोलिक परिस्थितियों की वजह से ऑनलाइन हाजिरी देने से वंचित हो रहे हैं। यही वजह है कि शिक्षा विभाग पर इस मामले को लेकर प्रेशर बढ़ता जा रहा है।*

## विकल्पों की कमी बढ़ा रही परेशानी

शिक्षकों का कहना है कि विकल्पों की कमी ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था परेशानी बढ़ा रही है। टीचरों का कहना है कि अगर कोई ऑन ड्यूटी है और शासकीय कार्य से कहीं बाहर गया है तो उसकी ऑनलाइन अटेंडेंस मान्य की जाती है।

## डीईओ डीडी रजक बोले- सिर्फ 20 से 25 फीसदी मामले में तकनीकी समस्या, इसके लिए आईटी सेल कर रही कार्य

जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक का कहना है कि 20 से 25 फीसदी मामले में तकनीकी समस्या खड़ी हो रही है इसके लिए आईटी सेल कार्य कर रही है। उन्होंने शिक्षकों से आईटी सेल की मदद करने की भी अपील की है। शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस मुसीबत बनती जा रही है। जिले के कई सरकारी स्कूल दुर्गम इलाकों में स्थित हैं, जहां नेटवर्क नहीं मिलता। महलपुर पाठा के शामाशा में पदस्थ शिक्षक एक टीचर को हर दिन जंगल वाली नदी पार कर स्कूल जाना पड़ता है।लेकिन स्कूल परिसर में नेटवर्क न होने से उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती। इस क्षेत्र में मोबाइल में नेटवर्क की समस्या हरदम बनीं रहती है।यह तो ग्रामीण अंचल की स्थिति है। वहीं देवनगर संकुल केंद्र आसपास के गांवों के सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी तकनीकी समस्या से परेशान हैं। शिक्षक नरेंद्र भारद्वाज ने इस संबंध में सीएसी को शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि स्कूल तक में उपस्थित दर्ज नहीं हो पा रही है, इसकी वजह तकनीकी खामी बताई गई है। इधर डीईओ श्री रजक का कहना है कि तकनीकी समस्या सिर्फ 20 से 25 फीसदी मामलों में आ रही है, इसके लिए हमने आईटी सेल को सक्रिय किया है। जिन शिक्षकों को परेशानी है, वह संपर्क कर सकते हैं। इधर शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए ज्ञापन सौंपा है।

## खबर संक्षेप

### उत्तम चंद पण्ड्या का हार्ट अटैक से निधन

**रायसेन।** पीडब्ल्यूडी ऑफिस रायसेन के रिटायर्ड लेखपाल एवं बीजेपी नेता दीपक पण्ड्या, नरेंद्र पंड्या, उमेश टोनी पंड्या, मुकेश पंड्या के पिताश्री उत्तमचंद पंड्या का 85 वर्ष की उम्र में बीती रात ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। वे अपने पीछे पूरा भरा परिवार छोड़ गए हैं। वे धार्मिक प्रवत्ति और मिलनसार बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। शुक्रवार को दोपहर उनके निज निवास सांची रोड़ स्थित वार्ड 9 स्थित लोनिवि कार्यालय के पास से अंतिम शव यात्रा निकाली गई। अंतिम संस्कार पूरेन तालाब घाट वाले मुक्तिधाम में किया। उनके मुख को मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र दीपक पंड्या ने दी। मुक्तिधाम पर शोक श्रद्धांजलि आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित व्यापारियों, नागरिकों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना परमपिता परमेश्वर से की गई।



### शिवा नेमा को मिला प्रथम फोटो फेयर अवार्ड

**सिलवानी।** नगर के युवा फोटो ग्राफर शिवा नेमा को इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के प्रथम फोटो फेयर अवार्ड से सम्मानित किया। बीते दिनों इंदौर में टीबाएएफवाए द्वारा अभय प्रशाल स्पोर्ट डेकोरस वर्ल्ड में कार्यक्रम आयोजित किया। प्रतियोगिता में सिलवानी के फोटोग्राफर शिवा भी शामिल हुए। जिन्होंने अपनी बेहतर फोटो का प्रदर्शन किया, जिससे निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम स्थान के लिए चुना।

### शार्ट शर्किट से लगी आग, 4 गौवंश की मौत

**बाड़ी।** शुक्रवार की रात लगभग 1:30 बजे शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने एक पुराने कच्चे घर में आग पकड़ ली। आग की आहट होने पर शुभम चौहान ने घर से बाहर निकलकर देखा तो आग ने काफी भयावह रूप अपना लिया। जिससे घर के अंदर बंधी 4 गौवंश गाय के जलने से मौत हो गई। रहवासियों ने आग बुझाना शुरू कर दिया। आग की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम एवं रहवासियों के सहयोग से दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

## जिले के हजारों किसानों ने फार्म तो भरे, लेकिन नतीजा सिफर

# किसानों को नहीं मिला बाढ़ का मुआवजा 'ऋण माफी योजना' भी नहीं हुई कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

हाल ही में किसान जागृति संगठन और संयुक्त किसान मोर्चा जिला इकाई द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर हजारों किसानों ऋण माफी योजना का फायदा दिलाने की मांग की। किसान संगठन नेता राजेन्द्र बाबू राय रज्जु भैय्या, इरफान जाफरी, ब्रजेन्द्र बघेल, रंजीत यादव विजय चौकसे का कहना है कि अतिवृष्टी से किसानों की खरीफ सीजन की फसलें बर्बाद हो गई थी। उनका प्रशासन के आला अफसरों द्वारा सर्वे सही तरीके से नहीं कराया है, जिससे किसानों को राहत राशि का भुगतान नहीं हो सका है।

इसके साथ ही बताया कि वर्ष 2019-2020 और 2021-22 बेतवा नदी में आई बाढ़ के कारण फसल नष्ट हो गई थी। खरीब सीजन में शत प्रतिशत नुकसान मानकर मुआवजा दिया था। जिले के कई किसान इससे वंचित रह गए थे जो अब तक वंचित ही है। वर्तमान में खरीफ की फसल सोयाबीन में पीला मोजेक वायरस एवं जल भराव से नुकसान हुआ है। ऐसे में बीमा कंपनी से नुकसान की भरपाई करने के निर्देश देने की मांग की। बाढ़ के पानी से सर्वाधिक नुकसान रंगपुरा केसरी, नांद, उर्देन, नीमखेड़ा, अमरावद, वाजयाफ्त, हरिनगर, छिमछिरी पगनेश्वर, धनियाखेड़ी आदि गांव के किसान हर साल बेहद परेशान होते हैं।



### किसान मोर्चा ने एसडीएम को योजना का लाभ देने सौंपा ज्ञापन

संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन को कलेक्ट्रेट में एसडीएम मनीष शर्मा को किसानों ने सौंपा। इस दौरान किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले के हजारों किसानों को प्रीमियम चुकाने के बाद फसलों के नुकसान होने पर फसल बीमा योजना और फसल ऋण माफी योजना का लाभ नहीं मिला। इस दौरान वर्तमान सीजन में खराब हुई सोयाबीन की फसल लेकर किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि ऋण माफी का लाभ सपूर्ण किसानों को दिए जाने सहित अन्य मांगों को रखा।

### ऋण माफी योजना में पात्रता के बाद भी नहीं मिला फायदा


भाकियू के जिला संगठन के प्रभारी सुनील गौरे, मिट्ठू लाल मीणा, बृजेंद्र बघेल ने बताया कि वर्ष 2018 में तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने 17 दिसंबर 2018 में तत्काल आदेश पारित कर कहा था कि इसमें अल्पकालीन फसल ऋण के रूप में शासन ने किसानों के 2 लाख तक के ऋण माफ करने की योजना बनाई थी इस योजना में लाखों किसान लाभान्वित भी हुए थे। भाजपा ने कहा था विधानसभा चुनाव के बाद ऋण माफी योजना का लाभ मिल जाएगा, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं हुआ फिर लोकसभा चुनाव आ गए। विधानसभा चुनाव हुए करीब सवा साल बीत गए हैं लेकिन किसानों को ऋण माफी योजना का कोई फायदा नहीं मिला है।

### किसानों ने कहा - फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए खाद

किसान विशाल कुशवाहा, लक्ष्मण सिंह लोधी, रामस्वरूप राठौर, ओंकार सिंह ने आदि बताया कि तहसीलदार राजस्व तहसीलदार राजस्व विभाग न्यायालय समाप्त किया जाये। किसान की भूमि बही, खसरा एवं पंजी अक्स पर तहसीलदार के हस्ताक्षर होते हैं, तहसीलदार राजस्व विभाग का प्रथम हस्ताक्षरकर्ता है। तहसीलदार ही न्यायालय है, यहां अन्यायपूर्ण व्यवस्था को समाप्त कर तहसीदार को सिर्फ राजस्व विभाग का ही दायित्व दिया जाये। जिससे कि किसान तहसीलदार के खिलाफ कार्यवाही कर सके। बिजली बिलिंग, सिंचाई पंपों का अनुचित आंकलन कर किसानों पर अतिरिक्त बिलिंग एवं दण्ड आरोपित किया जा रहा है। विद्युत पंप 3 हॉर्स पावर पर 5 हॉर्स पावर का और 5 हॉर्स पावर पर 7.5 हॉर्सपावर का एवं 7.5 हॉर्सपावर पर 10 हॉर्सपावर का बिलिंग दे दिया जाता है। यह अन्याय पूर्ण है। कृपया किसानों को न्याय दीजिये। रबी, खरीफ फसल के लिए जिले में किसानो की मांग अनुसार पर्याप्त मात्रा मे डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराया जाये।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने...

# जिले में खाद उपलब्धता व वितरण व्यवस्था की समीक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अब रायसेन एवं विदिशा जिले में किसानों को खाद की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसी को लेकर क केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रायसेन सहित विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल जिलों में खाद की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था की जानकारी लेते हुए समीक्षा की गई।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कलेक्टरों , अधिकारियों से कहा कि जिले में खाद वितरण व्यवस्था सुचारू रहे और वितरण केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छायादार बैठक व्यवस्था आदि इंतजाम हों। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर अधिकारियों से कहा कि डीएपी, यूरिया खाद के सभी विकल्प उपलब्ध हैं, इनका समुचित प्रचार-प्रसार किया जाए और दोनों जिलों के किसानों को इनका उपयोग करने की समझाईश दें। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि जिलों में कहीं भी खाद की कालाबाजारी ना हो, यह सुनिश्चित कराएं।

वीडियो कॉफ्रेंस के उपरांत कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने कृषि विभाग, सहकारिता तल जिला विपणन अधिकारी को खाद का सुचारू वितरण सुनिश्चित कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए। वीसी कक्ष में अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित वीसी कक्ष में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसडीएम मनीष शर्मा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक हेमंत कुमार सोनी ने किया शिविर का उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज, सांची।** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा रखे गए वित्तीय समावेशन जन सुरक्षा अभियान के तहत सांची विकासखंड के गुलगांव पंचायत में भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक हेमंत कुमार सोनी ने दीप प्रज्वलित किया तथा वित्तीय समावेशन जन सुरक्षा अभियान के बारे में सभी खाता धारकों को समझाया और उनकी सारी समस्याओं का निराकरण सभी बैंक के अधिकारियों से करवाया। यह शिविर सांची विकासखंड दो पंचायतों में रखा गया ग्राम पंचायत उचेर तथा गुलगांव में इन पंचायत में इस आयोजन में गांव तथा आसपास क्षेत्र के लोगों ने भी भाग लिया अपनी समस्याओं को निराकरण करवाया। इस मौके पर अग्रणी जिला अधिकारी विशाल सिंह यादव भारतीय रिजर्व बैंक जिला प्रबंधक प्रताप सिंह, मुख्य प्रबंधक मप्र क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक मनोज कुमार चुघ, मुख्य प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया एपी सिंह, जिला समन्वयक जितेंद्र तिवारी सांची ग्रामीण बैंक के प्रबंधक शुभम साकल्ले मौजूद रहे।




# मैहर वाली मां शारदा देवी दर्शन के लिए पाटनदेव से निकला श्रद्धालुओं का जत्था

## 25 वर्षों से पैदल पदयात्रा करके मां शारदा को चढ़ाते है झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को शहर के पाटनदेव स्थित श्री हनुमान मंदिर से 25 श्रद्धालुओं का जत्था मां शारदा देवी मैहर के लिए रवाना हुआ। भक्तों का यह जत्था नवरात्रि के प्रथम दिवस मैहर पहुंचकर माता शारदा देवी को झंडा अर्पित कर माता के दर्शन करेंगे। इसके पश्चात 22 सितंबर को ट्रेन से वापस घर की ओर लौटेंगे।

इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन ने श्रद्धालुओं को माला पहनाकर विदा किया।



बता दें कि पाटनदेव निवासी भक्तों का जत्था विगत 25 वर्षों से निरंतर पद यात्रा कर मैहर पहुंचकर माता के दर्शन करते हैं और माता को झंडा भेट कर रहे हैं।

इस पदयात्रा में चंदू कुशवाह, बदन कुशवाह, वीरेंद्र कुशवाह, आकाश कुशवाह, राहुल कुशवाह, संजय कुशवाह, सुमित, विनोद, हल्के भैया, दीपक, मर्दन सिंह, शैतान सिंह, बृजेश कुशवाह, जसवंत कुशवाह, छग्गूलाल, बिट्टू लाल, लकी, अन्नू कुशवाह, नीरज कुशवाह, आकाश, आदि भक्ति पद यात्रा कर मैहर के लिए रवाना हुए।

## क्षत्रिय करणी सेना की वाहन रैली व आमसभा कल

▪ ठाकुर क्षत्रिय समाज हक अधिकारों के लिए भरेगी हुंकार

**हरिभूमि न्यूज, रायसेन।** क्षत्रिय करणी सेना रायसेन द्वारा 14 सितंबर रविवार को वाहन रैली एवं आमसभा का आयोजन करेगी। यह जानकारी करणी सेना के जिलाध्यक्ष शुभम ठाकुर ने बताया कि इस वाहन रैली में मुख्य अतिथि के रूप में क्षत्रिय करनी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मप्र के अध्यक्ष इंदल सिंह राणा शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि वाहन रैली रविवार को दोपहर 12 बजे सिद्ध मारुति नन्दन मंदिर पाटनदेव से शुरू होकर सागर भोपाल तिराहे से महामाया चौक से महाबली पंचमुखी हनुमान मंदिर गोपालपुर पहुंचकर आमसभा में तब्दील होगी। उन्होंने क्षत्रिय ठाकुर समाज के लोगों से इस सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हो सफल बनाने का अनुरोध किया है।

## उमंग है तो जिंदगी में रंग है थीम पर आधारित विविध गतिविधियों का आयोजन

# शास. सांदीपनि विद्यालय में धूमधाम से मना उमंग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सेठ अमरचंद समैया शासकीय सांदीपनि विद्यालय सिलवानी में उमंग दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और रचनात्मकता के साथ किया गया। इस वर्ष उमंग दिवस की थीम उमंग है तो जिंदगी में रंग है निर्धारित की गई थी, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, सृजनात्मक सोच और सामाजिक सहभागिता का संचार करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का परिचय एवं कार्यक्रम की औपचारिक प्रस्तावना प्रस्तुत की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उमंग गान की सुंदर प्रस्तुति ने पूरे माहौल को प्रेरणादायक बना दिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यार्थियों को बताया गया कि उमंग केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो उन्हें आत्म प्रेरणा, नेतृत्व, संवाद एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों से परिचित कराता है। विद्यार्थी जीवन में उमंग की भूमिका विषय पर वक्ताओं ने विचार साझा किए, जिनमें बताया गया कि सकारात्मक सोच, समूह में कार्य करने की भावना और स्वयं निर्णय लेने की क्षमता आज के युवाओं में विकसित होनी चाहिए।




### जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएमओ डॉ. आरएस पटेल, डॉ. इज़हार खान, महिला एवं बाल विकास विभाग से आबिदा बी, काउंसलर ज्योति दुबे तथा विद्यालय के प्राचार्य एनपी शिल्पी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उमंग के माध्यम से जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने और सामाजिक रूप से जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया। उमंग प्रभारी केशव प्रसाद लोधी ने मंच से उमंग दिवस की गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि उमंग के तहत विद्यालय में वर्षभर विविध आयोजन किए जाते हैं जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। प्राचार्य श्री शिल्पी ने कहा कि उमंग दिवस विद्यार्थियों के लिए उनके व्यक्तित्व को निखारने और समाज में सार्थक योगदान देने की प्रेरणा का माध्यम भी बना।

## सांदीपनि विद्यालय बाड़ी में हुआ उमंग दिवस का आयोजन

**बाड़ी।** शुक्रवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय बाड़ी में उमंग दिवस का आयोजन किया गया उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम एक विशेष कार्यक्रम है। जो छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित किया जा रहा है। विभिन्न जीवन उपयोगी गतिविधियों एवं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु कई सारी गतिविधियां संचालित की जाती है । इसी क्रम में आज विद्यालय में उमंग दिवस का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना से किया गया इसके बाद उमंग प्रभारी अजय शर्मा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। बृजेश साहू द्वारा बच्चों के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित शासकीय महाविद्यालय बाड़ी से प्राध्यापक रवि तरकशबार द्वारा छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया । शिक्षक अरविंद शर्मा द्वारा भी बच्चो को संबोधित किया गया। अंत में प्राचार्य महोदय द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में उमंग गतिविधि प्रभारी अजय शर्मा, बृजेश साहू, जानकी राय, पुष्पा धाकड़ एवं संस्था प्राचार्य सुमन तिवारी उपस्थित रहे।

# पीएम योजना के तहत अधूरी सड़क बनी परेशानी का सबब

◆ सीसी रोड निर्माण में 700 से 800 मीटर हिस्सा छोड़ा अधूरा, ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीण आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची जनपद क़े ग्राम नरखेड़ा में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़क को ठेकेदार द्वारा अधूरी छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने शुक्रवार दोपहर 2 बजे बताया कि ठेकेदार द्वारा सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन बीच गांव में लगभग 700 से 800 मीटर हिस्सा अधूरा छोड़ दिया गया है।

अधूरी सड़क के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार मनमानी कर रहा है और उनकी शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। वहीं, ग्राम सरपंच ने भी ठेकेदार की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए बताया कि कई बार उसे कार्य पूरा करने के लिए कहा गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र सड़क का निर्माण पूरा नहीं किया गया तो वे मजबूरन आंदोलन का सहारा लेंगे। अधूरी सड़क न केवल विकास कार्यों में बाधा बन रही है बल्कि ग्रामीणों के दैनिक जीवन को भी प्रभावित कर रही है।